3/31/2026

# उपभोक्ताओं और परिवारों के लिए आचार संहिता

## हमारी ज़िम्मेदारी

- मिनटमैन सीनियर सर्विसेज़ के कर्मचारियों, स्वयंसेवियों और हमारे साथ साझेदारी में काम करने वाले सेवा प्रदाताओं की ज़िम्मेदारी है कि वे हमारे उपभोक्ताओं और परिवारों के साथ दयालुता, शराफ़त और आदर के साथ बर्ताव करें।
- प्रोग्राम की सीमा के भीतर रहते हुए स्वीकृत पेशेवर सेवाएं प्रदान करें।
- उपभोक्ताओं का स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के ऐसे प्रशिक्षित पेशेवर उपलब्ध कराना जो अपने कार्य में पूर्णतया प्रशिक्षित हों।
- हमारे पेशेवर कार्यबल के सभी सदस्यों की पृष्ठभूमि की जांच की जाती है और वे सभी काम करने के अधिकार (राइट टू वर्क) आवश्यकताओं को पूरा करते हैं।
- मिनटमैन 1964 के संघीय नागरिक अधिकार अधिनियम का पालन करता है और नस्ल, धर्म, लिंग, लिंग-भेद, या राष्ट्रीय मूल के आधार पर भेदभाव नहीं करता।.

## आपकी ज़िम्मेदारी

- मिनटमैन सीनियर सर्विसेज़ द्वारा सेवाएं स्वीकार कर के, आप अपने बर्ताव की ज़िम्मेदारी ले रहे हैं और हमारे कार्यबल के सदस्यों के साथ उचित पेशेवर नाता बनाए रखने के लिए सहमत हैं। इसमें मिनटमैन सीनियर सर्विसेज़ के कर्मचारी, स्वयंसेवी और हमारे साथ साझेदारी में काम करने वाले सेवा प्रदाता शामिल हैं।
- एक आदरपूर्ण और सुरक्षित वातावरण बनाने में आपका सहयोग हमें आपको और हमारे प्रोग्रामों के सभी प्रतिभागियों को उच्चतम गुणवत्ता वाली देखभाल और सेवाएं देने में मदद करता है।

## उपभोक्ता और परिवार से बर्ताव की अपेक्षाएं

| यह करें | यह ना करें |
|---|---|
| हमेशा कार्यबल के सभी सदस्यों के साथ आदर और विनम्रता पूर्ण बर्ताव करें। | कार्यबल के सदस्यों का अपमान न करें और ना ही किसी परिवारजन या मेहमान को उनके साथ अपमानजनक बर्ताव करने दें। |
| सुनिश्चित करें कि आपके परिवार के सदस्य और मेहमान कार्यबल के सदस्यों के साथ आदरपूर्ण बर्ताव करें। | परिवारजनों या मेहमानों को कार्यबल के साथ अपमानजनक बर्ताव ना करने दें। |
| प्रश्न पूछें कि कार्यबल के सदस्य अपनी भूमिका के भीतर रहते हुए कौन से काम कर सकते हैं और कौन से काम नहीं। | नस्ल, रंग, उच्चारण, भाषा, राष्ट्रीय मूल, जातीयता, धर्म, लिंग, लिंग-भेद, जेंडर पहचान या अभिव्यक्ति, आनुवंशिक जानकारी, यौन अभिविन्यास, आयु, अक्षमता, पूर्व सैनिक या सक्रिय सैन्य स्थिति, या आव्रजन स्थिति के बारे में अपमानजनक या आपत्तिजनक टिप्पणियाँ न करें। |

| यह करें | यह ना करें |
|---|---|
| भूमिका के आधार पर भेजे गए कार्यबल के सदस्य को स्वीकार करें। | ऊपर दी गई किसी भी संरक्षित विशेषताओं के आधार पर कार्यबल सदस्य का अनुरोध ना करें। |
| अपनी ज़रूरतों और वरीयताओं के बारे साफ़-साफ़ निर्देश दे कर अपनी देखभाल में सक्रिय रूप से भाग लें। | कार्यबल के सदस्यों के साथ अभद्र भाषा का उपयोग ना करें, गाली ना दें, चिल्लाए नहीं या उनका अपमान ना करें। |
| कार्यबल सदस्य की मौजूदगी में धूम्रपान या मादक पदार्थों का सेवन ना करें। | कार्यबल के सदस्यों को मौखिक धमकी या धमकी भरे इशारे ना दें। |
| कार्यबल के सदस्यों के सेवाएं प्रदान करने के दौरान, उनके आग्रह पर पालतू पशुओं को दूसरे कमरे में रखें। | शारीरिक हमला, थूकना, वस्तुएँ फेंकना या अन्य हिंसक बर्ताव न करें। |
| सेवा के लिए निश्चित समय पर उपलब्ध रहें अथवा समय बदलने के लिए मिनटमैन सीनियर सर्विसेज़ को पहले से सूचित करें। | यौन संबंधी, अभद्र या अनुचित भाषा या बर्ताव का प्रयोग ना करें। |
| हमेशा उपयुक्त पेशेवर सीमाओं का आदर करें। | कार्यबल के सदस्यों के साथ अनुचित संपर्क या संबंध ना रखें। |
| पेशेवर कार्य संपर्क जानकारी का प्रयोग करें। | कार्यबल के सदस्यों से व्यक्तिगत संपर्क जानकारी ना मांगें। |
| कार्यबल के सदस्यों को उनके नाम से बुलाएं। | कार्यबल के सदस्यों को अपने द्वारा चुने गए उपनाम से ना बुलाएं। |

## शून्य सहनशीलता नीति

मिनटमैन सीनियर सर्विसेज़ में किसी भी प्रकार के धमकी भरे या अपमानजनक बर्ताव के लिए शून्य सहनशीलता है। हम किस तरह के व्यवहार को अनुचित मानते हैं, यह निर्धारित करने का अधिकार हमारे पास सुरक्षित है। हमारे कार्यबल के लिए सुरक्षित, आदरपूर्ण वातावरण बनाना हमारे लिए आवश्यक है जिससे हम आपकी और प्रोग्राम के सभी भागीदारों की अपनी क्षमता अनुसार प्रभावशाली रूप से सेवा कर सकें। कोई भी इस तरह का बर्ताव जो हमारे कार्यबल की सुरक्षा, गरिमा या पेशेवर सीमाओं को खतरे में डालता है, उस से तुरंत निपटा जाएगा और इससे सेवाओं को समाप्त भी किया जा सकता है।

## आचार संहिता का उल्लंघन और उसके परिणाम

यदि आप इस आचार संहिता में दी गई बर्ताव की अपेक्षाओं को पूरा करने में असमर्थ होते हैं तो मिनटमैन सीनियर सर्विसेज़ इस उल्लंघन से निपटने के लिए उचित कार्यवाही करेगा जिसमें सेवा समाप्त करने तक की कार्यवाही शामिल है। यदि इस आचार संहिता के बारे में आपके कोई प्रश्न या चिंताएं हैं तो उन पर चर्चा करने के लिए कृपया मिनटमैन सीनियर सर्विसेज़ से संपर्क करें।